आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 सोमवार 04.11.2024

मुख्य समाचारः—

1— नवा रायपुर में अब से कुछ देर में शुरू होगा राज्योत्सव—मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव करेंगे उद्घाटन।

2— छत्तीसगढ़ के एक सौ इक्यासी पुलिस कर्मियों को दिया जाएगा केन्द्रीय गृहमंत्री दक्षता पदक।

3— रायपुर दक्षिण विधानसभा के लिए हो रहे उपचुनाव के तहत कल ईवीएम में चुनाव चिन्ह अपलोड किए जाएंगे।

4— कल से शुरू होगा सूर्य उपासना का चार दिवसीय छठ पर्व।

राज्योत्सव—राज्य अलंकरण समारोह

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर आज से नवा रायपुर अटल नगर में राज्योत्सव और राज्य अलंकरण समारोह का आयोजन किया जा रहा है। छह नवंबर तक चलने वाले इस राज्योत्सव का उद्घाटन अब से कुछ देर बाद मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव करेंगे। राज्योत्सव में ख्याति प्राप्त कलाकार रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां देंगे। वहीं, शासकीय योजनाओं और उपलब्धियों के प्रचार—प्रसार के लिए विभिन्न विभागों की प्रदर्शनियां लगाई जाएंगी। राज्योत्सव के पहले दिन आज बॉलीवुड के प्रसिद्ध पार्श्व गायक शान की प्रस्तुति होगी। वहीं, रिखी क्षत्रीय की टीम द्वारा बारह लोक नृत्य की झलकियां, महेन्द्र चौहान और साथियों द्वारा आदिवृंदम, सुनील सोनी तथा उनकी टीम द्वारा क्षेत्रीय नृत्य संगीत और विद्या वर्चस्वी द्वारा नाम रामायण की प्रस्तुति दी जाएगी।

राज्योत्सव मेला ग्राउंड में आयोजित होने वाले राज्योत्सव और राज्य अलंकरण समारोह में रायपुर से आयोजन स्थल तक आने—जाने वाले यात्रियों के लिए बीआरटीएस बसों की सुविधा प्रदान की गई है। यह बसें रायपुर से सुबह ग्यारह बजे से रात नौ बजे तक हर आधे घंटे के अंतराल में चलेंगी।

राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में कल पांच नवम्बर को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में एक दिवसीय राज्योत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

रायपुर आरटीओ ऑफिस आम जनों की सुविधा के लिए अगले तीन दिन राज्योत्सव स्थल तूता में लर्निंग लाइसेंस बनाएगा। इसके लिए आरटीओ कार्यालय द्वारा राज्योत्सव स्थल पर स्टॉल लगाया गया है। वाहन चलाने के लिए लर्निंग लाइसेंस बनवाने वाले ज़रूरी दस्तावेज के साथ स्टॉल में लाइसेंस बनवा सकते हैं।

दक्षता पदक

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने ''केंद्रीय गृह मंत्री दक्षता पदक'' की घोषणा कर दी है। गृह मंत्रालय ने देश के विभिन्न राज्यों की पुलिस के तीन सौ अड़तालीस अधिकारियों और कर्मचारियों को पुरस्कार देने की घोषणा की है। इनमें सबसे ज्यादा एक सौ इक्यासी छत्तीगसढ़ पुलिस के अधिकारी और जवान शामिल हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा दिए जाने वाले दक्षता पुरस्कार के लिए जिन अधिकारियों को चुना गया है, उनमें छत्तीसगढ़ पुलिस के एडीजी विवेकानंद सिन्हा, आईजी अमरेश मिश्रा, एसएसपी कल्याण एलेसेला और एसपी विजय पांडे तथा प्रभात कुमार का नाम शामिल हैं।

उपचुनाव—प्रेक्षक

छत्तीसगढ़ की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले से आज रायपुर नगर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक जी. रेखा रानी, पुलिस प्रेक्षक करण शर्मा और व्यय प्रेक्षक कनुप्रिया दामोर ने मुलाकात की। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में हुई इस मुलाकात के दौरान रायपुर नगर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव को निर्बाध, निष्पक्ष, पारदर्शी और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। जिला निर्वाचन अधिकारी तथा रायपुर के कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह भी इस दौरान मौजूद थे।

रायपुर नगर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के अंतर्गत वोटिंग के लिए हर बूथ पर दो ईवीएम और दो वीवीपैट रखे जाएंगे। इन मशीनों में चुनाव चिन्ह अपलोड करने का काम कल यानि पांच नवंबर को सेजबहार स्थित शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में होगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले ने सभी उम्मीदवारों से अपील की है कि वे ईवीएम को कमीशनिंग करने की प्रक्रिया का स्वयं अवलोकन करें।

इस बीच, रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के तहत तेरह नवंबर को मतदान संपन्न होगा। इस दिन निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत स्थित कार्यालयों में मतदान के लिए सार्वजनिक अवकाश तथा सामान्य अवकाश की घोषणा की गई है। वहीं, एक दिन पहले यानि बारह नवंबर को मतदान केन्द्र वाले शासकीय और निजी स्कूलो में अवकाश घोषित किया गया है।

भाजपा—पत्रकारवार्ता

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने आज रायपुर स्थित भाजपा कार्यालय में आयोजित पत्रकारवार्ता में कांग्रेस पर आरोप लगाया कि प्रदेश में बढ़ते अपराध, तनाव और अराजकता के लिए कांग्रेस ही जिम्मेदार है। श्री सिंह देव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में अशांति फैलाने के लिए कांग्रेस साजिश कर रही है। पत्रकारवार्ता के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने सिलसिलेवार घटनाओं और उसके कांग्रेस से जुड़े होने के साक्ष्य भी प्रस्तुत किए।

इस बीच, प्रदेश कांग्रेस ने आज बिगड़ती कानून—व्यवस्था के खिलाफ जिला मुख्यालयों में एक दिवसीय धरना—प्रदर्शन किया।

गोलीकांड

रायपुर स्थित केन्द्रीय जेल के बाहर आज हुई गोलीबारी की घटना में एक युवक घायल हो गया है। घायल युवक को अंबेडकर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार पुरानी रंजिश के चलते यह वारदात हुई है। इस गोलीकांड का आरोपी मौके से फरार हो गया है। यह घटना गंज थाना क्षेत्र की है।

छठ—पर्व

कल से शुरू होने जा रहे चार दिवसीय छठ महापर्व की राज्यपाल रमेन डेका ने प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने कहा है कि सूर्य उपासना का यह पर्व हमें प्रकृति के प्रति प्रेम का संदेश देता है। छठ पूजा केवल एक धार्मिक अनुष्ठान ही नहीं बल्कि आस्था, विश्वास और प्रकृति के प्रति हमारी कृतज्ञता का प्रतीक भी है।

छठ महापर्व आयोजन समिति रायपुर के अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने बताया कि कल पांच नवंबर को नहाय—खाय की रस्म निभाई जाएगी। उन्होंने बताया कि छठ पर्व रायपुर, बिलासपुर, भिलाई—दुर्ग, कोरबा, बस्तर और अन्य शहरों में धूमधाम से मनाया जाता है। रायपुर में छठ पूजा का आयोजन पचास से अधिक स्थानों में होता है। इस बार नवा रायपुर अटल नगर में झांझ तालाब के किनारे भी छठ पूजा का आयोजन किया जाएगा।

महादेव घाट में छठ पर्व के तीसरे दिन सात नवंबर को अंतर्राष्ट्रीय लोक गायिका कल्पना पटवारी, गायत्री यादव, परिणीता राव पटनायक और छत्तीसगढ़ी लोक गायक दुकालू यादव महादेवघाट स्थित आयोजन स्थल पर अपनी प्रस्तुति देंगे।

<u>शराबबंदी–प्रस्ताव पारित</u>

कोरबा जिले के ग्राम पंचायत शिवपुर की महिलाओं ने शराबबंदी के लिए एक नई पहल की है। इन महिलाओं ने ग्राम पंचायत की सभा में शराबबंदी के लिए प्रस्ताव पारित किया है। ग्राम पंचायत शिवपुर के सरपंच का कहना है कि जब से गांव में शराबबंदी लागू की गई हैं, नशे के सेवन में कमी आई है। महिलाओं का कहना है इस प्रस्ताव की जानकारी पुलिस को भी दे दी गई है।

<u>हाथी–आतंक</u>

कोरबा जिले के कटघोरा वनमण्डल में बीती रात अरसिया गांव में पचास हाथियों के एक दल ने जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान हाथियों ने एक मकान को भी तोड़ दिया। इस क्षेत्र में वन विभाग का अमला लगातार निगरानी रख रहा है। राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक–एक सौ उनचास पर हाथियों का झुंड डेरा डाले हुए हैं, जिसके चलते वन विभाग ने अलर्ट जारी कर दिया है।

वहीं, इसी जिले के बालको वनपरिक्षेत्र के बेला गांव के आसपास इन दिनों एक हाथी विचरण कर रहा है। वन विभाग द्वारा हाथी की गतिविधि पर लगातार नजर रखी जा रही है। बालको वन परिक्षेत्र अधिकारी ने लोगों को जंगल की ओर जाने से मना किया है। साथ ही उनसे सतर्क रहने की अपील भी की है।

<u>दुर्घटना–मौत</u>

सक्ती जिले के बोड़ासागर गांव में आज ट्रक और बाइक में टक्कर होने से तीन युवकों की मौत हो गई। ये तीनों युवक सारंगढ़–बिलाईगढ़ जिले के कोसीर थाना क्षेत्र के जशपुर गांव के रहने वाले थे और तीनों रायगढ़ जिले के चपले गांव में आयोजित मेला घूमने जा रहे थे, तभी फगुरम क्षेत्र के बोड़ासागर गांव में सामने से आ रहे ट्रक से उनकी मोटर साइकिल टकरा गई। इस हादसे में बाइक सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें डभरा अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

वहीं, रायपुर–बिलासपुर नेशनल हाईवे पर किरना सरगांव के पास टायर फटने से एक वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं, चार अन्य लोग घायल हो गए हैं। घायलों का इलाज बिलासपुर सिम्स में चल रहा है। वाहन में कुल सात लोग सवार थे।

उधर, कोरबा जिले के उरगा थाना क्षेत्र के कुदुरमाल मुख्य मार्ग पर एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने एक युवक को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

इधर, बालोद जिले के डौंडीलोहारा थाना क्षेत्र में एक बस अनियंत्रित होकर पलट गई। बस में चालक–परिचालक समेत पन्द्रह लोग सवार थे। घायलों को इलाज के लिए बालोद के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, इस हादसे में बस कंडक्टर की हालत गंभीर बताई जा रही है।

<u>संक्षिप्त समाचार–</u>

– भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अपनी नब्बेवीं वर्षगांठ के अवसर पर उन्नीस से इक्कीस सितंबर तक ऑनलाइन क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इनमें चुनी गई नब्बे टीमें कल पांच नवंबर को रायपुर में आयोजित होने वाली आरबीआई नाइन्टी क्विज में हिस्सा लेंगी।

– सुपरविजन मॉड्यूल वेब और मोबाइल एप्लिकेशन संचालन के लिए रायपुर स्थित राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय परिसर में कल पांच नवंबर को एक दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>